UPBJ010064532023

न्यायालय अपर जिला जज, कोर्ट नंबर–03, बिजनौर।
पीठासीन अधिकारीः– हनी गोयल, उच्चतर न्यायिक सेवा. UP02408
चुनाव याचिका संख्याः– 09/2023

श्रीमति कुसुम लता बनाम दिनेश कुमार आदि

09–02–2024

पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार करायी गयी।

पुकार पर याची तथा विपक्षी संख्या 01 के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित आये। विपक्षी संख्या 01 की ओर से जवाब दावा पत्रावली पर दाखिल किया जा चुका है, जिस पर याची की ओर से रेप्लीकेशन दाखिल की गयी। विपक्षी सं0 2 की ओर से विद्वान जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी उपस्थित आये है।

याची तथा विपक्षी संख्या 01 व 02 के विद्वान अधिवक्तागण को वाद बिन्दुओं के विरचन पर सुना जा चुका है, पत्रावली का अवलोकन किया।

याची तथा विपक्षी संख्या 01 व 02 के अभिवचनों के आधार पर निम्नलिखित वाद बिन्दु विरचित किये जाते हैः–

1– क्या प्रश्नगत चुनाव, याचिका में उल्लिखित परिस्थितियों में सम्पन्न हुआ है और वादपत्र में उल्लिखित आधारों पर निरस्त होने योग्य है?

2– क्या प्रश्नगत चुनाव की मतगणना में धांधली हुई है, जिसके कारण चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ है?

3– याची किस अनुतोष को प्राप्त करने का अधिकारी है?

उपरोक्त वाद बिंदुओ के अलावा किसी अन्य वाद बिंदु पर बल नहीं दिया गया है न ही अन्य कोई वाद बिंदु विरचित होता है।

पत्रावली वास्ते साक्ष्य दिनांक 05–03–2024 को पेश हो।

(हनी गोयल)
अपर जिला जज, कोर्ट नं0–3,
बिजनौर।
J.O. Code-U.P.02408

दिनांकः– 09–02–2024

Digitally signed by HONEY GOEL
Date: 2024.02.09 17:25:06 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court